प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पिछले तीन वर्ष जनता–हित, पारदर्शिता और प्रणालीगत सुधारों के रहे हैं, जिनका उद्देश्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना और हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करना है। राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंडी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर निर्णय जनता के विकास, सुविधा व प्रदेश के भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने निरंतर नई पहल की और अब तक 23 हजार 200 युवाओं को सरकारी नौकरी दी है जबकि पिछली सरकार 5 वर्षों में केवल 20 हजार नौकरियां ही दे पाई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा विशेष राजस्व अदालतों में रिकॉर्ड 4 लाख 63 हजार मामलों का निपटारा किया जा चुका है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के उद्देश्य से छह ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है जिससे राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण में हिमाचल की रैंकिंग में 21वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

बिंदल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा आज शिमला पहुंचेगे और कल पीटरहॉफ में उनके सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बिंदल ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा पार्टी के प्रदेश कार्यालय भवन का कल भूमि पूजन भी करेंगे।

अश्विनी वैष्णव

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश को उत्तरी रेलवे जोन में कवर किया गया है और इसके लिए वर्ष 2025–26 में 2 हजार 2 सौ 16 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया गया है। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इस धनराशि में से अभी तक 9 सौ 19 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं। केन्द्रीय रेल मंत्री ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत देश भर में एक हजार 3 सौ 37 रेलवे स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं जिनमें हिमाचल के पालमपुर, शिमला, बैजनाथ, पपरोला और अम्ब अंदौरा स्टेशन शामिल हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इनमें से चार रेलवे स्टेशनों को विकसित कर दिया गया है जबकि शिमला स्टेशन को मास्टर प्लानिंग के तहत कवर किया जा रहा है।

विंटर फेस्टिवल

पर्यटकों को आकर्षित करने और चंबा जिला में पर्यटन को विकसित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में चम्बा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी में इस वर्ष विंटर फेस्टिवल–2025 का आयोजन किया जा रहा है। 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित किए जाने वाले इस फेस्टिवल के दौरान कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिला चम्बा में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा विंटर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने इस आयोजन की हर कड़ी को यादगार बनाने के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियो को निर्देशित किया है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह हेरिटेज वाक का आयोजन किया जाएगा ताकि पर्यटक व स्थानीय लोग डलहौजी की प्राचीन विरासत एवं सांस्कृतिक महत्व से रूबरू हो सकें। वहीं प्रत्येक संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे ताकि नववर्ष का स्वागत उत्सवी माहौल में किया जा सके। इस आयोजन से अवश्य ही जिला चम्बा के पर्यटन को नए पंख लगेंगे।

इंदु गोस्वामी

केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कुल 18 लाख 18 हजार 9 सौ 25 आंगनवाड़ी केन्द्र कार्यरत हैं। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि देशभर में चल रहे सभी मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्तरोन्नत किया जाएगा। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक वर्कर और एक हैल्पर को तैनात किया जाएगा